(c) what target date has been fixed; and

(d) whether the work is expected to be finished before the target date?

The Deputy Minister in the Ministry of Railways (Shri S. V. Ramaswamy): (a) Construction of the Diva-Panvel-Uran and the Panvel-Apta lines is in progress.

(b) The overall progress of the work of Diva-Panvel-Uran section is 0.21% and Panvel-Apta section is 0.08%.

(c) The target date of completion of the line from Diva to Apta via Panvel is 31-3-64 and that of the line from Panvel to Uran is 31-12-64.

(d) Not likely. Efforts are, however, being made to complete the work a few months earlier between Panvel and Uran.

मगरवारा और पटियारा स्टेशनों पर डाका

२१३९. श्री कृष्ण देव त्रिपाठी : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इस मास के प्रारम्भ में उत्तर रेलवे के मगरवारा और पटियारा स्टेशनों पर कुछ बदमाशों ने हमला किया ;

(ख) यदि हां, तो स्टेशन की किन इमारतों पर हमला किया गया ;

(ग) कितने व्यक्ति और कौन-कौन व्यक्ति इन हमलों में घायल हुये तथा कितनी सम्पत्ति बदमाश ले गये ; और

(घ) रेलवे स्टेशनों की सम्पत्ति व कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा के लिये सरकार क्या कर रही है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) से (ग) ३-४ अगस्त, १९६२ की रात को, १५ और २० के बीच हथियारबन्द डाकू मगरवारा स्टेशन की सीमा में घुस आये और उन्होंने स्टेशन मास्टर के दफ्तर पर धावा बोल दिया । जो रेल कर्मचारी ड्यूटी पर थे, उनको डाकुओं ने मारा पीटा और तिजोरी तथा टिकट-ट्यूबों को तोड़ कर खोल लिया । सहायक स्टेशन मास्टर श्री मटली राम, सीनियर रक्षक (निःशस्त्र) श्री अजीत सिंह, रक्षक (निःशस्त्र) श्री चन्द्रमा पांडे, पोर्टर श्री जमुना प्रसाद, और शंटिंग पोर्टर श्री राम बचन ने डाकुओं का मुकाबिला किया और उन्हें चोटें आयीं । उनका इलाज हो रहा है । डाकू रेलवे की ९८ रु० ८५ नये पैसे की नकदी लेकर भाग गये ।

लेकिन पटियारा स्टेशन पर इस तरह की किसी घटना की सूचना नहीं मिली है ।

(घ) इस संबंध में राज्य पुलिस ने, जिस पर शांति और व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी है, रोकथाम की आवश्यक कार्रवाई की है । जहां जरूरत होती है, वहां रेलवे सुरक्षा दल के हथियार बन्द सैनिक भी तैनात किये जाते हैं ।

निम्बाहेड़ा स्टेशन (चित्तौड़गढ़) पर यात्रियों के लिए शेड

२१४०. श्री बेरवा : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निम्बाहेडा (जिला चितौड़गढ़) के रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन टिकटों की कितनी बिक्री होती है ;

(ख) कितने वैगन भरे जाते हैं और खाली होते हैं और इनसे रेलवे की कितनी वार्षिक आय है ;

(ग) क्या कारण है कि इस स्टेशन पर यात्रियों के लिये शेड का कोई प्रबन्ध नहीं है ; और

(घ) शेड की कब तक आशा की जा सकती है ?

रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) : (क) इस स्टेशन पर टिकटों